**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

**जनसंपर्क कार्यालय**

**PUBLIC RELATIONS OFFICE**

## हिंदी विश्वविद्यालय में गुरु दक्षता कार्यक्रम का हुआ समापन

**वर्धा, 25 नवंबर 2025 :** महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के यूजीसी-मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षक केंद्र द्वारा 28 अक्टूबर से 25 नंवबर तक गुरु दक्षता (संकाय प्रवेशीय) ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका समापन मंगलवार 25 नवंबर को नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग के शिक्षा विभाग के अध्यक्ष प्रो. अखिलेश मिश्र के वक्तव्य से हुआ। इस कार्यक्रम में 19 राज्यों के 158 शिक्षकों ने पंजीकरण किया था। यह शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम कैरियर उन्नति योजना (सीएएस) के तहत पदोन्नति के लिये मान्य था। कार्यक्रम में उच्चशिक्षा और उसका पारिस्थितिकी तंत्र, पाठ्यचर्या निर्माण, परिणाम आधारित शिक्षण और विकल्प आधारित क्रेडिट प्रणाली, शिक्षण, अधिगम और मूल्यांकन, आई-जनरेशन के शिक्षण व मूल्यांकन हेतु प्रौद्योगिकी, व्यक्तिगत-भावनात्मक विकास और परामर्श, अनुसंधान, व्यावसायिक विकास और शैक्षणिक नेतृत्व, शैक्षणिक सत्यनिष्ठा, संवैधानिक मूल्य, मानवाधिकार और मौलिक कर्तव्य, पर्यावरणीय चेतना और सतत विकास लक्ष्य, रणनीतिक नियोजन और प्रबंधन आदि विषयों पर 90 से अधिक विषय विशेषज्ञ वक्ताओं ने मार्गदर्शन किया। यह आयोजन कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा के संरक्षकत्व में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के निदेशक साहित्य विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. अवधेश कुमार तथा कार्यक्रम समन्वयक शिक्षा विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. योगेन्द्र बाबू थे।




---

## हिंदी विश्वविद्यालयात गुरु दक्षता कार्यक्रमाचा समारोप

**वर्धा, 25 नोव्हेंबर 2025 :** महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदीविश्वविद्यालयाच्या यूजीसी-मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षक केंद्रातर्फे 28 ऑक्टोबर ते 25 नोव्हेंबर दरम्यान गुरु दक्षता संकाय प्रवेशीय ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करण्यात आला. या कार्यक्रमाचा समारोप मंगळवार, 25 नोव्हेंबर रोजी नॅशनल इन्स्टिट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंगच्या शिक्षण विभागाचे अध्यक्ष प्रो. अखिलेश मिश्रा यांच्या वक्तव्याने झाला. या कार्यक्रमासाठी 19 राज्यांतील 158 शिक्षकांनी नोंदणी केली होती. करिअर उन्नती योजना (CAS) अंतर्गत पदोन्नतीसाठी हा शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम मान्य होता. कार्यक्रमात उच्च शिक्षण आणि त्याची परिसंस्था, अभ्यासक्रम निर्मिती, परिणामाधिष्ठित शिक्षण आणि पर्यायाधारित क्रेडिट प्रणाली, अध्यापन, अधिगम व मूल्यमापन, आय-जनरेशनसाठी अध्यापन व मूल्यमापनातील तंत्रज्ञान, वैयक्तिक-भावनिक विकास आणि समुपदेशन, संशोधन, व्यावसायिक विकास व शैक्षणिक नेतृत्व, शैक्षणिक सत्यनिष्ठा, संवैधानिक मूल्ये, मानवी हक्क व मूलभूत कर्तव्ये, पर्यावरणीय जागरूकता व शाश्वत विकास ध्येये, धोरणात्मक नियोजन व व्यवस्थापन आदी विषयांवर 90 पेक्षा अधिक विषयतज्ज्ञ वक्त्यांनी मार्गदर्शन केले. हा कार्यक्रम विश्वविद्यालयाच्या कुलगुरू प्रो. कुमुद शर्मा यांच्या संरक्षणात संपन्न झाला. कार्यक्रमाचे निदेशक साहित्य विद्यापीठाचे अधिष्ठाता प्रो. अवधेश कुमार तर समन्वयक शिक्षण विभागाचे सहायक प्रोफेसर डॉ. योगेंद्र बाबू होते.

---

**पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत**

**ई-मेल/E-mail:** pro.mgahv@hindivishwa.ac.in **वेबसाइट/Website:** **www.hindivishwa.org**

**दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305**